तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

25 टन सरिया की लूटपाट मामले में 3 गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### निविदा की कार्रवाई 19 को होगी पूर्ण

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में विभागान्तर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, प्रयास आवासीय विद्यालय एवं विभागीय छात्रावास-आश्रम तथा विशिष्ट संस्थाओं में लगने वाली आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु 28 फरवरी 2024 के द्वारा निविदा सूचना जारी किया गया था। उक्त निविदा 12 जुलाई 2024 को प्रातः 11.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में खोली गई। जिसमें निविदा खोलने की कार्यवाही पूर्ण नहीं होने पर, आगामी कार्यवाही 19 जुलाई 2024, दिन-शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त तिथि को ही संबंधित सभी फर्मों को नमूना सामग्री अवलोकन हेतु प्रस्तुत करने निर्णय लिया गया है।

### दमेरा से चराईडांड मार्ग निर्माण कार्य प्रगतिरत

**जशपुरनगर।** बहुप्रतीक्षित दमेरा से चराईडांड मार्ग की सुविधा जिले वासियों को जल्द प्राप्त होगी। चौड़ाई सहित अन्य निर्माण कार्य प्रगतिरत है। चौड़ाई निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों की आवागमन जारी है जिसके कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में पी डब्लू डी के कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दमेरा से चराईडांड मार्ग के दमेरा घाट पर सीमेंट कंक्रीट का कार्य मार्ग की संपूर्ण चौड़ाई में कार्य प्रगतिरत है इस मार्ग का कोई वैकल्पिक परिवर्तित मार्ग नहीं है। इस मार्ग का उपयोग यातायात हेतु कार्य समाप्त नहीं होने तक ना करें। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि एन एच 43 ही एकमात्र वैकल्पिक मार्ग है उस मार्ग का उपयोग आवागमन हेतु करें जिससे निर्माण कार्य प्रभावित न हो।

### राजस्व ग्राम बनाने दावा आपत्ति 12 अगस्त तक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 90 में निहित भाक्तियों के तहत संहिता की धारा 68, 69, 70, 72 एवं 73 की शक्तियों के प्रयोग करने हेतु कलेक्टर को अधिकृत किये जाने के फलस्वरूप संबंधित धाराओं की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जशपुर के ग्राम देवरी, प.ह.नं.18 को पृथक राजस्व ग्राम फोसकोटोली एवं ग्राम केरसई, प.ह.नं.04 को पृथक राजस्व ग्राम घासीमुण्डा बनाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 12 अगस्त 2024 तक दावा व आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद आपत्ति प्रस्तुत करने पर उक्त आपत्ति पर काई सुनवाई नहीं की जावेगी।

### विद्यालय बना शराबियों का अड्डा, मिली खाली बोतलें

**बाराद्वार।** ग्राम पंचायत लहंगा में शासकीय विद्यालय के कमरे में शराब पीने की जानकारी मिलने पर जब उस विद्यालय में जाकर देखा गया तो सचमुच वहां कमरे में शराब की खाली बोतलें बिखरी पड़ी थी। ग्राम पंचायत लहंगा के कुछ ग्रामीणो ने गांव में स्थित शासकीय विद्यालय के कमरे में शराब पीने की शिकायत स्थानीय प्रतिनिधि से की जिस पर गांव के स्कूल में जाकर देखा गया तो कमरे में शराब की खाली बोतलें पड़ी दिखाई दी। विद्यालय में शराब किसने पिया ये तो जानकारी नहीं मिली लेकिन ग्रामीणों ने बताया की स्थानीय लोगों के द्वारा लगातार विद्यालय के कमरे में शराब पी जाती है। विद्यालय के प्राचार्य को इससे कोई सरोकार नहीं है। ग्राम पंचायत लहंगा के भविष्य जो बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उनके प्रति सरपंच और प्राचार्य की बड़ी जिम्मेदारी है। इस संबंध में ग्राम पंचायत लहंगा की सरपंच श्रीमती भानु कुंवर सिदार का कहना है कि मीडिल स्कूल परिसर में शराब की बोतले मिलने की जानकारी मिली है। जल्द ही ग्राम पंचायत की बैठक लेकर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी ने खून लगे डंडे को धोकर छिपा दिया था

# बड़ा भाई का हत्यारा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लाठी से पीटकर बड़े भाई की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शराब के नशे में हमेशा गाली-गलौज करने पर आवेश में आकर छोटे भाई ने घटना को अंजाम दिया।

■ शराब के नशे में हमेशा गाली-गलौज करना हत्या की वजह बनी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को प्रार्थी विजय कुमार नाग उम्र 40 साल निवासी काडरो ने थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मृतक बोलचंद नाग प्रार्थी का ससुर है। मृतक आए दिन शराब पीकर अपने भाइयों से गाली-गलौज करते रहता था। 11 जुलाई की शाम लगभग 05.30 बजे बोलचंद अपने छोटे भाई भगतू राम को शराब के नशे में पारिवारिक बात पर गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान भगतू राम नाराज होकर हमेशा गाली देते हो कहकर हाथ में रखे लकड़ी के डंडा से बोलचंद नाग के सिर में जोर से वार कर दिया। इस वार से बोलचंद नाग बेहोश हो गया। परिजनों द्वारा इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान 15 जुलाई को बोलचंद नाग की मृत्यु हो गई। पीएम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का होना बताए जाने पर भगतू राम के विरूद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना बागबहार स्टाफ द्वारा भगतू राम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध को घटित करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा को जप्त किया गया। आरोपी ने घटना घटित करने के उपरांत डंडा को पानी से धोकर छिपा दिया था। आरोपी भगतू राम उम्र 55 साल निवासी बगईझरिया थाना बागबहार को 16 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक सरोज टोप्पो, नारायण साहू, राजेन्द्र रात्रे, सैनिक लालसाय भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



प्राचार्य व शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला।

## शिक्षक ऐसा काम करें कि समाज में मिले सम्मान : गुप्ता

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने बेहतर शिक्षा गुणवत्ता व बेहतर बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत विषय शिक्षकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कराई जा रही है।

■ सामाजिक विज्ञान पर कार्यशाला

मंगलवार को यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता की उपस्थिति में संकल्प शिक्षण संस्थान में सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए उन्मुखीकरण प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के निर्देशन में आयोजित कराया गया। कार्यशाला में विनोद गुप्ता ने प्रतिभागी शिक्षकों को सुख और ख़ुशी के अंतर को समझाते हुए कहा कि हम सब सुख वस्तुओं में खोजते है जबकि यह सुख क्षणिक होती है। हमे जीने के लिए मुख्य रूप से भोजन, नींद, पानी, हवा और उसके ऊपर संरक्षण, सुरक्षा, की आवश्यकता होती है तथा ये सभी आवश्यकताएं पशुओं को भी जीने के लिए आवश्यक होती है। इन आवश्यक सुविधाओं से सुख मिल सकता है परंतु ख़ुशी नहीं। ख़ुशी प्राप्त करने के लिए हमें परिवार, प्यार चाहिए, यह आवश्यकता मनुष्य और पशु दोनों को होती है। अब आगे जीवन में आत्म सम्मान की भी आवश्यकता होती है जो केवल मनुष्य में होता है पशुओं में नहीं। हर व्यक्ति को उसके आत्म सम्मान का अनुमान होता है, चारों ओर से मिलने वाला सम्मान ही हमारा आत्म सम्मान है। किसी दूसरे के द्वारा दिया जाने वाला सम्मान ही हमारा आत्म सम्मान बढ़ाता है। व्यक्ति में आत्म सम्मान जितना ज़्यादा होगा उतनी ही ज़्यादा ख़ुशी हमे मिलेगी। किसी व्यक्ति की काम करने से यदि ख़ुशी मिलती हो तो यह तय है कि उसे आत्म सम्मान ज़्यादा मिलेगा। इसलिए व्यक्ति को बेहतर काम करना चाहिए। प्रत्येक शिक्षक को विद्यालय में शिक्षण कार्य में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए ताकि उसे बच्चों से पालकों से और समाज से सम्मान मिले।

### सरस्वती वंदना से कार्यशाला का शुभारंभ

छात्रों की समस्या, छात्र शिक्षक का मेंटरशिप, शिक्षक की समस्या, बच्चों से मोबाइल का सही इस्तेमाल करना, 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर चर्चा, कमजोर बच्चों के लिए कार्ययोजना, नई एजुकेशन पालिसी पर मास्टर ट्रेनर्स संजय दास, दिलीप सिंह, प्रभा चौहान, विंध्याचल शर्मा के द्वारा शिक्षकों से चर्चा की गई। कार्यशाला के अंत में पोस्ट एग्जाम और फीडबैक भी लिए गए। कार्यशाला के आयोजन के लिए यशस्वी जशपुर क्या संजीव शर्मा और अवनीश पांडेय कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बाइक को टक्कर मारते हुए ट्रक जा घुसा घर में, युवक की मौत



**जांजगीर-चांपा।** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के घर जा घुसी। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। जहां एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर 12 घंटे तक चक्काजाम जाम कर दिया है। इसके बाद वाहन मालिक द्वारा 1 लाख रुपए की सहायता राशि दिए जाने पर मामला शांत हुआ। घटना बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम हरदी विशाल की है।

इस संबंध में जानकारी के मुताबिक बलौदा थाना क्षेत्र के हरदी विशाल गांव के पास कोरबा बिलासपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार 16 जुलाई की सुबह सुबह 6 बजे ग्राम हरदी विशाल राजेन्द्र मनहर पिता महेत्तर मनहर उम्र 39 वर्ष को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तो वही दुर्घटनाकारित वाहन भी अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया, मृतक युवक भी हरदीविशाल गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना में वाहन चालक भी केबिन में फंसा हुआ था जिसको कड़ी मशक्कत कर निकाला गया।

## अपहरण व दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पिछले दिनों में थाना तुमला के नाबालिग का अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी आयुष गुप्ता एवं थाना नारायणपुर क्षेत्र की एक नाबालिग गुम बालिका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने विभिन्न टीम गठित कर बरामदगी हेतु निर्देशित किए थे। इसके लिए सायबर सेल एवं मुखबिर भी लगाए गए थे।



■ पहला प्रकरण थाना तुमला का तो दूसरा थाना नारायणपुर का

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहले प्रकरण का विवरण इस प्रकार है कि थाना फरसाबहार क्षेत्र का एक पिता ने 30 अप्रैल 22 को थाना तुमला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री अपने नाना-नानी के घर (थाना तुमला क्षेत्र स्थित एक ग्राम) में गई थी, 28 अप्रैल 22 की रात्रि 08 बजे से अपने नाना-नानी के घर से कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा रात्रि में ही पता-तलाश किया गया कोई पता नहीं चला। दूसरे दिन प्रातः करीबन 08 बजे प्रार्थी की पुत्री रोते हुये घर में आई और बताई कि उसे रोहित राम मोटर सायकल में बैठाकर अपने साथ बनेदा जंगल में ले गया और जबरन दुष्कर्म किया। उसी दौरान रोहित राम के साथ रहे योगेश एवं आयुष गुप्ता ने भी मिलकर घटना घटित करने में सहयोग दिये। प्रकरण में रोहित राम एवं योगेश को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण का सहआरोपी आयुष गुप्ता फरार चल रहा था। इसके विरूद्ध फरारी में चालान पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा आयुष गुप्ता का स्थाई वारंट जारी किया गया था। पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को प्रकरण के फरार आरोपी आयुष गुप्ता के उसके ससुराल ग्राम बघिमा से गिरफ्तार किया गया है। टीम द्वारा फरार आरोपी ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्राप्त हो रही सफलता

फरार आरोपी एवं गुम बच्चियों की पतासाजी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है सफलता भी प्राप्त हो रही है। थाने में रिपोर्ट आने पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर दस्तयाबी की कार्यवाही की जा रही है।

-शशि मोहन सिंह
पुलिस अधीक्षक जशपुर

## साल भर में नहीं बन पाई डेढ़ किमी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

गांव में लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए शासन से मिलने के बाद भी सड़कों के निर्माण का कार्य नहीं हो पा रा है।

■ कार्य प्रारंभ बोर्ड लगाकर भूला विभाग, गड्ढों में तब्दील हुआ मार्ग

आलम यह है कि विभाग के ठेकेदर 1.60 किमी की सड़क का काम एक साल में पूर्ण नहीं कर पाए।

सड़क निर्माण के लिए कार्य शुरू होने का बोर्ड एक साल पहले लगाया गया लेकिन अब तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क के तहत डामरीकरण का काम शुरू नहीं हुआ। सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन से सड़कों की हालत खस्ता हो गई है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर बने बड़े बड़े गड्ढे बरसात में दुर्घटना का कारण बन रहे है। बता दें कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत विकासखंड के ग्राम झींगों से कोटगहना कुसमी मार्ग को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति मिली थी। 1.60 किमी की जर्जर सड़क के लिए शासन से 29.138 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी और राशि जारी होने के बाद 22 अक्टूबर 2023 को टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ का बोर्ड लगा दिया गया था लेकिन कार्य बोर्ड लगाने के बाद ठेकेदार ने सड़क निर्माण की ओर ध्यान नहीं दिया। आलम यह है कि एक वर्ष बीतने को है लेकिन सड़क पर डामरीकरण का बोर्ड नहीं लगाया गया। अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही से महज डेढ़ किमी की सड़क पर काम शुरू नहीं हुआ और वर्तमान में इस सड़क पर 2 से 3 फीट के गड्ढे बने हुए है। जर्जर सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन भी होता है ऐसे में सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे भी हो गए है और बारिश में इन गड्ढों पर पर आवागमन करना लोगों के लिए खतरनाक हो गया है। क्षेत्र के लोगों को कीचड़ व गड्ढों में तब्दील सड़क पर चलना पड़ रहा है। इस संबंध में विभाग के एसडीओ विभान नाथ का कहना है कि ठेकेदार के पास कई कार्य है और बारी बारी सड़कों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है।



जर्जर सड़क।

### सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सांप काटने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम तुनगुरी निवासी सुरेंद्र राजवाड़े आ. कृष्णा राजवाड़े (22 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान रात लगभग 10 बजे अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी। युवक को देख परिजन पूछताछ करने लगे तभी युवक बेहोश हो गया। युवक के अचेत हो जाने परिजन उसे संजीवनी 108 से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकें ने युवक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने सांप के काट लेने की आशंका जताई है। दूसरी घटना में थाना बलंगी अंतर्गत ग्राम जोगयानी निवासी आशिका पंडो आ. राम अधार (7 वर्ष) सोमवार की दोपहर घर के मक्का बाड़ी में भाई के साथ खेल रही थी। इसी दौरान पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। बालिका ने सांप के काट लेने की बात परिजन को बताई।

## उप स्वास्थ्य केंद्र की छत का प्लास्टर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वर्षों पहले बने स्वास्थ्य केंद्रों के भवन अब जर्जर हो चुके है और हादसों का कारण बन रहे है। देखरेख और मरम्मत के अभाव में भवन की दीवारों, प्लास्टर ने जवाब दे दिया है भरभराकर गिर रहे है। अस्पताल के प्लास्टर गिरने का ताजा मामला जिले के सीतापुर विकासखंड में सामने आया है। गेरसा एचडब्ल्यूसी की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। इस घटना में अस्पताल में मौजूद महिला आरएचओ गंभीर रूप से घायल हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय अस्पताल में ग्रामीण मरीजों की भीड़ नहीं थी अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आरएचओ का उपचार किया जा रहा है लेकिन जर्जर भवन बारिश के समय मुसीबत का कारण बन सकते है।

बताया जा रहा है कि सीतापुर विकासखंड के ग्राम ढोढागांव अंतर्गत आने वाले गेरसा में मौजूद उप स्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर में तब्दील किया है। इस अस्पताल में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए आते है। सोमवार की सुबह लगभग 11.30 अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर के एक कमरे की छत का प्लास्टर भरभराकर गिरा। छत से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा अचानक गिरा जिससे वहां ड्यूटी पर बैठी हुई आरएचओ श्रीमती ललिता टोप्पो को सम्भलने का मौका ही नहीं मिल पाया और वे इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। प्लास्टर टूटकर गिरने की घटना से हड़कंप मच गया। आनन फानन में उप स्वास्थ्य केंद्र में भी महिला को आरएचओ को भर्ती कर आरएचओ पिंटू लकड़ा व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घायल का उपचार किया गया। महिला के सिर पर सात से अधिक टांके आए है। प्रारंभिक उपचार के बाद महिला आरएचओ को छुट्टी दे दी गई है लेकिन सोमवार को एक बड़ी घटना तल गई।

यदि घटना स्थल अन्य ग्रामीणों की भी भीड़ होती तो वे भी इस दुर्घटना के शिकार हो सकते थे। फिलहाल इस मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की बात कही जा रही है।



### दिए गए जांच के निर्देश

एचडब्ल्यूसी गेरसा में प्लास्टर गिरने की जानकारी आई है। महिला आरएचओ घायल हुई है। फिलहाल आरएचओ को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई है। इस भवन का निर्माण 2007-08 में लोनिवि द्वारा किया गया था। सभी बीएमओ को निर्देश दिए गए है कि जर्जर हो चुके भवन की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। घटना की जांच के निर्देश भी दिए है।

-डॉ. आरएन गुप्ता, सीएमएचओ

### विधायक रायमुनी ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में स्थापित श्री राम लला की प्रतिमा के दर्शनों के लिए राज्य भर के राम भक्तों का जत्था लगातार अयोध्या के लिए पहुंच रहे हैं।

■ सरगुजा से भी आस्था स्पेशल ट्रेन से जशपुर जिले के 200 दर्शनार्थी पहुंचेंगे अयोध्या

इसी कड़ी में आज श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अंबिकापुर के रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन आज जिले के 200 श्रद्धालुओं की टोली सहित सरगुजा संभाग के 800 से अधिक राम भक्तों को लेकर रवाना हुई। यहां जशपुर से विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को अंबिकापुर के लिए जनपद कार्यालय से सभी को तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर रवाना किया गया।

इसके साथ ही सभी ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा के लिए कामना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हो रहे सभी श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी नागरिकों से कहा कि सभी की यात्रा के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है, सब निश्चित हो कर जाए। श्रद्धालु श्री मलाकी राम ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री श्रीविष्णु देव साय द्वारा संचालित श्रीरामलला दर्शन योजना बहुत ही अच्छी योजना है। जिसके माध्यम से हम सुविधाओं के साथ निःशुल्क अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम लला जी के दर्शन कर पा रहे हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। सूरजन राम ने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री राम लला दर्शन के लिए हम कभी जा पाएंगे यह तो सोचे ही नही थे लेकिन यह सब शासन की इस योजना से संभव हो पाया है। ⏭ शेष पेज 4 पर



हरी झंडी दिखातीं विधायक रायमुनी।

## सरकारी राशन दुकान से 175 क्विंटल चावल गायब, भौतिक सत्यापन से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गांव के गरीब, जरूरतमंद हितग्राहियों को सस्ते दर पर दिया जाने वाला सरकारी चावल कालाबाजारी की भेंट चढ़ गया। राशन दुकान के संचालक ने हितग्राहियों का चावल गबन कर उसे बाजार में खपा दिया।

खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के बाद लाखों रुपए का राशन घोटाला सामने आया। इस मामले में एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी कर संचालक से जवाब मांगा है। उक्त मामला शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलजोरा का है जहां राशन दुकान के संचालक द्वारा चावल वितरण में भारी हेराफेरी की गई है दुकान के संचालक ने खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतते हुए हितग्राहियों के हिस्से का चावल गबन कर लिया। जिसे राशन दुकान के संचालक ने मोटी कमाई के लालच में कालाबाजारियों के हवाले कर दिया। राशन दुकान संचालक द्वारा 6 लाख 41 हजार 8 सौ 51 रुपए का कुल 175 क्विंटल चावल की हेराफेरी की बात सामने आई है। संचालक द्वारा व्यापक पैमाने पर किये गए राशन घोटाले को लेकर पूर्व में भी काफी शिकायतें हुई थी किंतु खाद्य विभाग के अधिकारियों ने शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही की। ऐसे में राशन दुकान संचालक का हौसला बढ़ता गया और उसने लाखो रुपए के राशन घोटाले को अंजाम दे डाला। सरकार बदलते ही प्रशासनिक अमले का काम करने का तरीका भी बदल गया। जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलजोरा का सत्यापन करने पहुंची थी।

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**सीतापुर।** अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाने शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता कक्ष परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद उपाध्यक्ष शैलेश सिंह एवं एसडीएम रवि राही उपस्थित रहे। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, सचिव कन्हैया गुप्ता एवं नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा अनिल अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, रोशन गुप्ता, केके गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ संतोष गुप्ता, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, तहसीलदार रामराज सिंह, नायब तहसीलदार आरएस पैंकरा समेत अधिवक्ता उपस्थित थे।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनपुर में नीट फाऊंडेशन एवं इंडस टावर के संयुक्त तत्वाधान में डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वेन द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक भुलन सिंह मरावी द्वारा बच्चों से सीधा संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें नए उत्साह के साथ पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। बीईओ पंडित भारद्वाज ने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय में अनिवार्य है। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्राओं को चंदन तिलक लगाकर , मिठाई खिलाकर, पुस्तक वितरित किया गया तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा पौध रोपण किया गया। इस दौरान विजय सिंह,मानिक चंद सिंह,, उमाशंकर साहू, राजकुमार साहू अजीत कुमार गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र राठौर, राकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीएवी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य एचके पाठक के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू व वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य के नेतृत्व में गत 16 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय परिसर में आम, जामुन, अमरूद, नीम, पाम, मौलश्री आदि पौधों का पौधरोपण किया गया।कार्यक्रम में प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि पेड़ -पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। पेड़ -पौधे मां की तरह हमारा पालन पोषण कर हमें नवजीवन प्रदान करते हैं। ये हमें शुद्ध प्राण वायु, फल-फूल व कीमती औषधियां प्रदान करते हैं और पशु-पक्षियों के लिए आश्रयदाता हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर ज़ोर देते हुए धरा को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रंथपाल रामजी सिन्हा, अध्यापक राजदेश पांडेय, ऋषभ रॉय एवं स्वयंसेवकों सहित विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

### ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने आरक्षण के लिए सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** प्रांतीय संगठन आव्हान पर ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज को मुख्यमंत्री के नाम 22 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। महासभा द्वारा 2021 की लंबित जनगणना को शीघ्र कराने, ओबीसी के लिए पृथक कोड जारी करने, 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की गई है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सोनी, सुभाष साहू, आनंद यादव, सुरेंद्र साहू, पंकज गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना का लाभ देने केबिनेट मंत्री को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** सरगुजा के पूर्व सांसद स्व.मुरारी लाल सिंह के निज सहायक रहे दुर्गेश राजवाड़े ने राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंप कर महतारी वंदन योजना का लाभ वंचित अविवाहित महिलाओं को दिए जाने हेतु पत्र लिखा है ,इसमें समाज में रहने वाले ऐसी महिलाऐं जिनका किसी कारणवश विवाह नहीं हो पाया है उन्हें भी इस योजना में शामिल कर लाभ देने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सिर्फ़ छतीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु पूरे भारत वर्ष में कुछ ऐसी महिलाएं हैं जो विकलांगता, कुरूपता अथवा विवाह का समय निकल जाने सहित अन्य घरेलू परेशानियों/ जिम्मेदारियों के कारण जिनका विवाह नहीं हो पाया है , उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है।ऐसी महिलाओं को भी इस योजना का लाभार्थी बनाए जाने पर ही सामाजिक एकरुपता आएगी और उन्हें जीवन यापन में सहूलियत होगी। ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को भी प्रेषित की गई है।

## प्रवेश के लिए कॉलेजों ने शुरू की ओपन फॉर ऑल की प्रक्रिया

# कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया पड़ी धीमी, एक पखवाड़े बाद भी 50 फीसदी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हुए एक पखवाड़ा का समय गुजरने को है लेकिन अभी तक प्रक्रिया में तेजी नहीं आ पाई है। कॉलेजों में अभी भी 50 फीसदी सीटें रिक्त पड़ी हैं तथा बेहद कम संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेने पहुंच रहे हैं।

**खास बात**

- समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने 1 अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं

एसजीजीयू ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए विवि के पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की सूची 1अगस्त को संबंधित महाविद्यालयों को भेज दी थी। महाविद्यालयों ने आगामी दिवस को मेरिट सूची जारी कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी थी। शुरुआत में इक्के-दुक्के विद्यार्थी पहुंचते थे तथा मेरिट सूची में अपना नाम देखकर वापस लौट जाते थे। पहले सप्ताह गिने-चुने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। अभी भी प्रवेश प्रक्रिया में तेजी नहीं आ पाई है। कॉलेजों में काफी धीमी गति से प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कॉलेज में दो साल पूर्व तक प्रवेश के लिए भारी भीड़ उमड़ती थी। पिछले साल कॉलेज में नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया था लेकिन नए पाठ्यक्रम को लेकर ऊहापोह की स्थिति निर्मित होने के कारण काफी धीमी गति से प्रवेश चलता रहा। शासन द्वारा बार-बार प्रवेश की तिथि बढ़ाने के बाद एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हुई। इस बार समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ ही निर्धारित समय पर सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्ण करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। प्रवेश की धीमी रफ्तार को देखते हुए पीजी कॉलेज को छोड़कर अन्य सभी महाविद्यालयों ने प्रवेश को ओपन फॉर ऑल कर दिया है तथा पहले आओ-पहले पाओ की नीति अपनाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की लंबी सूची होने के कारण पीजी कॉलेज ने तीसरी मेरिट सूची जारी की है। तीसरी सूची से 18 जुलाई तक प्रवेश लिया जाएगा तथा 19 जून से पीजी कॉलेज भी बिना मेरिट सभी के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर सकता है। कॉलेजों में खाली पड़ी सीटों पर कुलपति की अनुमति से 25 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रवेश लिया जाएगा। वर्तमान में राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 880 सीट के विरूद्ध 405, बीएसई में 485 सीट के विरूद्ध 203, बीकॉम में 440 सीट के विरूद्ध 236 एवं बीसीए के 60 सीट के विरूद्ध 40 एडमिशन हुए हैं। राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कला संकाय में 200, स्नातक गृह विज्ञान में 190, बीएससी मैथ में 40 प्रवेश हुए है। स्वामी आत्मानंद विज्ञान महाविद्यालय में 73 फीसदी सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया है।



### खेती में व्यस्तता बड़ा कारण

प्रवेश की धीमी रफ्तार के पीछे प्राध्यापक खेती-किसानी में विद्यार्थियों के व्यस्त होने एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं होने को बड़ा कारण मान रहे हैं। प्राध्यापकों का कहना है एक समय में गांव-गांव में धान की रोपाई होने के कारण मजदूरों की कमी हो जाती है। ऐसे में परिवार के सभी सदस्य मिलकर अपने खेतों में धान की रोपाई करते हैं। खेती में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भी परिवार के सदस्यों के साथ भागीदारी करते हैं। ऐसे विद्यार्थी अंतिम समय में प्रवेश लेते हैं। अभी नर्सिंग, बीफार्मा, पीएटी, पीईटी, पीपीटी प्रवेश का परिणाम घोषित नहीं किया गया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा दी है। परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने के कारण विद्यार्थी ऊहापोह की स्थिति में प्रवेश नहीं ले रहे हैं। जून के अंत में स्कूलों के खुलने एवं टीसी नहीं मिलने तथा नए पाठ्यक्रम की पर्याप्त जानकारी नहीं होने को भी कारण माना जा रहा है।

### अत्यंत उपयोगी पाठ्यक्रम

पीजी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ.एसएन पाण्डेय ने बताया कि नयी शिक्षा नीति के तहत संचालित पाठ्यक्रम काफी उपयोगी एवं सुविधाजनक है। पाठ्यक्रम में सालाना परीक्षा की जगह सेमेस्टर परीक्षा की सुविधा मिलेगी। पाठ्यक्रम को आसान बनाकर विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने का प्रयास किया गया है। पाठ्यक्रम में प्राप्त क्रेडिट के आधार पर प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, डिग्री, आनर्स एवं शोध की पात्रता मिलेगी। पूर्व की तरह विद्यार्थी तीन साल में प्राप्त क्रेडिट के आधार पर स्नातक एवं चार साल में आनर्स के साथ सीधे शोध कार्य कर सकेंगे। पाठ्यक्रम में जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स अंतर्गत अपने मूल संकाय के अतिरिक्त विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के विषयों एवं वैल्यू एडिशन कोर्स के तहत रोजगार परक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी तथा इसके क्रेडिट अंक भी दिए जाएंगे। जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद करेगा। पाठ्यक्रम में सबसे बड़ी सुविधा मल्टीपल एंट्री एवं मल्टीपल एक्जिट की है जिसके तहत विद्यार्थी कभी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है तथा छोड़ सकता है। पाठ्यक्रम को 7 साल के भीतर पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है।

### प्रवेश 21 जुलाई तक

कॉलेजों द्वारा प्रवेश के लिए पहले आओ, पहले पाओ की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस प्रक्रिया के तहत बिना मेरिट सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो 25 जुलाई के बाद प्रवेश आवेदन के लिए फिर पोर्टल खोला जाएगा लेकिन 31 जुलाई के बाद प्रवेश नहीं लिए जाएंगे।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



## विधायक अग्रवाल ने किया अग्रसेन चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 में महाराज अग्रसेन चौक का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में अंबिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल मुलहै अतिथि के रूप में शामिल हुए, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, समाज के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

- विधायक राजेश अग्रवाल, सामरी विधायक पैकरा हुए शामिल

बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 में राधेश्याम अग्रवाल द्वारा अपनी माता स्व. मूर्ती देवी अग्रवाल की स्मृति में अग्रसेन चौक का निर्माण कराया गया है। अग्रसेन चौक के निर्माण हेतु नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों द्वारा सहमति प्रदान की गई थी। आज विधिवत महाराज अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही चौक का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल में अग्रसेन चौक बनाने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों के साथ ही नगर की जनता का आभार जताया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की योजना एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि नगर पंचायत में अग्रवाल समाज द्वारा बनवाया गया भवन सभी समाज के काम आ रहा है। आज से यह चौक महाराजा अग्रसेन चौक के नाम से जाना जाएगा। सभा के संरक्षक धंसीराम अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज किसी भी समाज से भेद भाव नही करती है। चौक बनने पर नगर पंचायत का सहयोग रहा। मंच का संचालन प्रवीण अग्रवाल ने किया। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में राधेश्याम अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, बंसीधर अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, शंकरगढ़ जनपद अध्यक्ष शिवशंकर मराबी, मिट्ठू अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दीपक मित्तल, अन्य अग्रवाल समाज व नगर के नागरिक थे।



## अवैध रेत परिवहन से गांव की कच्ची सड़क हुई बदहाल ग्रामीणों को पैदल चलने में हो रही परेशानी

**बिश्रामपुर।** प्रतिबंध के बाद भी बदस्तूर जारी अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कार्य की वजह से बारिश के दिनों में ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से आमजन में खासी नाराजगी व्याप्त है। जिला मुख्यालय सुरजपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कुरवां में स्थित रेड़ नदी से शासन के मंशानुरूप मध्य जून से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद यहां गांव के पंडितपारा की सड़क बारिश में कीचड़ में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुरुवां पंडितपारा में बैगा घर से नदी तक की सडक की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि यहां पर अब आमजन को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। यूं तो प्रशासन द्वारा रिकार्ड में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कार्य प्रतिबंध तो कर दिया है लेकिन मैदानी स्तर पर वास्तविकता कुछ और ही बयां कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य की वजह से सड़क पर बारिश के दिनों में कीचड़ होने की वजह से लोग आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार भी हो रहे हैं। बावजूद इसके आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान देना किसी भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान दिया जाना उचित नहीं समझा जा रहा है, जिसका खामियाजा बेवजह आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

## बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले सीएचओ की सेवा हुई समाप्त

**बिश्रामपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसकेला में कार्यरत कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर अपर्णा साहू की ड्यूटी सेवा समाप्त कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अर्पणा साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी 28 फरवरी से 12 जुलाई 2024 तक लगातार बिना सूचना दिए अनुपस्थित थी जिसके कारण उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। विकासखंड सूरजपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसकेला में पदस्थ श्रीमती अपर्णा साहू के अनुपस्थिति पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी सूरजपुर डॉ. प्रशांत सिंह द्वारा उन्हें स्पष्टीकरण सहित कार्य पर उपस्थित होने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परंतु उनके द्वारा पत्र का जवाब नहीं दिया गया। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भी अनुपस्थित रहने का कारण सहित जिला कार्यालय में अपनी उपस्थिति देने हेतु पत्र दिया गया था, परंतु उनके द्वारा नियत तिथि तक पत्र का जवाब उपस्थित होकर नहीं दी गई। पूर्व में भी श्रीमती अपर्णा साहू द्वारा कई बार उक्त कृत्य किए जाने पर पत्र जारी करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समझाईश देते हुए अंतिम चेतावनी दी गई थी।

- खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने कई बार जारी किया था नोटिस, नहीं मिला कोई जवाब

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ मानव संसाधन नीति 2018 के कण्डिका 34.7 के तहत श्रीमती साहू की सेवा समाप्त की गई है।

## पशु चिकित्सालय में दिया गया बकरी पालन का प्रशिक्षण



**लखनपुर।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बकरी पालन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पशु चिकित्सालय में किया गया। उप संचालक डॉ. तनवीर अहमद के निर्देश पर 15 से 16 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण में आधुनिक तरीके से बकरी पालन, बकरी के उन्नत नस्ल, बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान का महत्व, टीकाकरण, बधियाकरण, केसीसी योजना, बकरी पालन योजना तथा औषधीय पौधों का बकरी पालन में उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कुल 42 पशुपालकों ने पंजीयन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सफदर खान ने बताया गया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बकरी पालकों को आधुनिक तकनीकी जानकारी देना तथा एन एल एम बकरी पालन योजना में लोन लेकर कैसे व्यवसाय प्रारंभ किया जाए उसे बताना था। इस दौरान डॉ. मोहिनी श्रीवास्तव, डॉ. नेहा सिंह, सुखदेव तिर्की, रेणुका सिंह तथा पशु चिकित्सालय के कर्मचारी व हितग्राही मौजूद थे।

## गौसिया कमेटी ने बच्चों को किया सम्मानित

**लखनपुर।** मुस्लिम समाज के मातमी पर्व मोहर्रम के अवसर पर सोमवार को नगर के इमामबाड़ा में अंजुमन गौसिया कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गौसिया कमेटी द्वारा समाज के बच्चों के बीच नात, तक़रीर, इस्लामिक सवाल जवाब की प्रतियोगिता कराई गई और बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं में बेहतर प्रदर्शन कर सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले समाज के बच्चों को नगद इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मौलाना हसन राज, कमरूजमा, शमीम खान, इकरार खान, शम्स खान, वसीम अख्तर, रियाज खान, इमरान खान, आरिफ खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



## स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत बच्चों के समक्ष हाथ धुलाई का किया गया प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय के तत्वाधान में कलेक्टर सूरजपुर रोहित व्यास के निर्देशन में बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैम्पेन-2024 का आयोजन जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक किया जाना है। सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी संस्थाओं में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः10 बजे स्कूल प्रांगण में स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच हाथ धोने की प्रक्रिया का प्रदर्शन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया जा रहा है।इसकी शुरुआत संकुल कन्या विश्रामपुर के प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर से की गई, जिसमें विद्यालय में छात्राओं को संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी नीलिमा दास और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सुनील पाटकर द्वारा बच्चों को हाथ धुलाई के सभी 6 स्टेप प्रकिया बताए गए। साथ ही डायरिया से होने वाले नुकसान से कैसे बचा जा सकता है, के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक दयामणी लकड़ा, शिक्षिका मनीषा, संजू उपस्थित रहे।



## पखवाड़े भर बाद भी मारपीट के मामले में नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पखवाड़े भर पहले कांग्रेसी कार्यकर्ता व पत्रकार के साथ हुए मारपीट मामले में अब तक कोई कार्वाई नहीं होने से पत्रकारों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। 4 जुलाई को कोतवाली परिसर में एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ एक पत्रकार से मारपीट के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इस घटना के बाद कांग्रेसियों द्वारा कलेक्टर से शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कार्वाई का भरोसा दिलाया था और एक सप्ताह का समय मांगा था। किन्तु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी एसडीएम जगन्नाथ वर्मा पर कोई भी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

- आंदोलन की तैयारी में कांग्रेस

कांग्रेसी कार्यकर्ता अफरोज खान और राजेश साहू को एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने 4 जुलाई को कोतवाली में चर्चा के लिए बुलाया था। चर्चा के दौरान ही दोनो की डंडे से पिटाई करने लगे। इसी बीच वहां से गुजर रहे पत्रकार अनवर खान कोतवाली में स्कूटी खड़ी कर के अपने मोबाइल से विडियो बनाने लगे तो एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने वीडियो बनाते देख कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को छोड़कर पत्रकार अनवर खान के तरफ डंडा लेकर दौड़े और गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की गई। पत्रकार अनवर खान ने अपना परिचय दिया बावजूद इसके एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने एक नहीं सुनी। इधर घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए एक टीम भेजा था जिसने तमाम लोगों से बातचीत के बाद अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपा था। प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि प्रशासन ने कार्रवाई के लिए हफ्ते भर का समय मांगा है हफ्ते भर बाद कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। एक सप्ताह का समय बीच गया तो कांग्रेस भी चुप्पी साध लिया है। इस घटना की निंदा जिला पत्रकार संघ ने भी की थी, और मामले में कार्रवाई की मांग की थी। इस आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने से कांग्रेस कार्यकर्ता सहित पत्रकारों में भारी आक्रोश है।



### आंदोलन करने को है बाध्य

एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा मारपीट करने के मामले में कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने एक सप्ताह का समय मांगा था। एक सप्ताह पूरा भी हो गया परंतु अभी तक एसडीएम जगन्नाथ वर्मा के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में हम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से बात कर मामले को उनके संज्ञान में लाकर एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य हैं।

**-भगवती राजवाड़े**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस सूरजपुर

## खुले आसमान के नीचे मिली एक्सपायर दवाइयां

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में उद्यान विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को वितरित करने के लिए मंगवाई गई दवाइंया विभाग में पड़े पड़े ही एक्सपायर हो गई लेकिन इसका लाभ जरूरतमंद किसानों को नहीं मिला। चार वर्षों तक विभाग में पड़े पड़े खराब होने के बाद इन दवाओं को लापरवाहीपूर्वक खुले में फेंक दिया गया है जबकि नियमतः इन दवाओं को खुले आसमान के नीचे फेंकना प्रतिबंधित है। अब अधिकारी इस मामले की जांच करने की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर के कैलाशपुर नर्सरी में सोमवार को खुले आसमान के नीचे भारी मात्रा में कीटनाशक दवाइयां फेंकी हुई मिली है। फेंकी गई दवाइयों की तिथि एक्सपायर हो गई है। कचरे के ढेर में मिली दवाओं को लेकर अब सवाल खड़े हो गए है। इन दवाओं की सप्लाई उद्यानिकी विभाग में चार वर्ष पूर्व की जाती थी और लाभार्थियों को विभाग की ओर से ही दवाओं का वितरण किया जाता था। हालांकि अब डीबीटी की व्यवस्था लागू है और इसका लाभ सीधे हितग्राहियों को मिलता है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि विभाग में सप्लाई के बाद भी कितने हितग्राहियों को दवा प्रदान नहीं की गई। वहीं सबसे बड़ी बात यह है कि इन दवाओं को एक्सपायर होने के बाद नियमानुसार नष्ट करने का प्रावधान है लेकिन लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दवाओं को खुले आसमान के नीचे फेंक दिया गया है जो काफी खतरनाक है। इस तरह खुले में पड़ी दवाओं को खाकर मवेशियों की मौत हो सकती है जबकि आस पास के लोग भी प्रभावित हो सकते है। इस संबंध में उद्यान विभाग के सहायक संचालक पतराम सिंह पैकरा ने बताया कि मामले की जानकारी आई है और जांच के बाद कार्रवाई होगी। वर्तमान में डीबीटी के माध्यम से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

- उद्यान विभाग की लापरवाही, कैलाशपुर नर्सरी में मिली दवाइयां



## कबाड़ चोरी के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**बिश्रामपुर।** तीन दिनों पूर्व एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के कुमदा सहक्षेत्र कार्यालय प्रांगण बलरामपुर पुराना मुहाड़ा में लगे बेल्ट स्ट्रक्चर सहित अन्य लोहे की सामग्री चोरी करने मामले में शामिल तीन कबाड़ चोरों को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है। सुरक्षा कर्मी उजित राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बलरामपुर खदान के पुराना मुहाड़ा सहक्षेत्र कार्यालय परिसर में अज्ञात कबाड़ चोरों ने पिकअप वाहन लगाकर खदान के बेल्ट स्ट्रक्चर सहित अन्य लोहे की सामग्री को ले जा रहे थे तभी सूचना पर पहुंची त्रिपुरा बटालियन सहित क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची जिसे देखकर कबाड़ चोर पिकअप वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। इस दौरान संयुक्त सुरक्षा टीम ने मौक़े से वाहन व सामान को जब्त कर बिश्रामपुर पुलिस को सुपुर्द करते हुए कुछ संदेहियों के नाम बताए थे। मंगलवार को पुलिस ने चोरी के मामले में शामिल तीन आरोपी क्रमशः करन सोनी उर्फ गोल्डन पिता राजेश सोनी 19 वर्ष निवासी केनापारा,कामरान कुरैशी उर्फ राजा पिता मो यूनिस कुरैशी 26 वर्ष निवासी करंजी माझापारा व संतोष सिंह उर्फ गुड मॉर्निंग पिता लल्लन सिंह गोंड निवासी कुमदा बस्ती को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

# 'मनोरथंगल' के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल



**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ 'मनोरथंगल' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

लाइफ Style

# जाह्नवी 'डिप्टी हाई कमिश्नर' बनीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस 'उलझ' को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला

# रैपर खलीफा ने मांगी माफी



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।




# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।



# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा


**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# 'किंग' में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ते का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।

## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित


**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो 'कुमकुम' लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।'कुमकुम' भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में



टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। 'कुमकुम' के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।

# 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत 'फेयरी फोक' को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़




ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में 'फेयरी फोक' की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।

# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर

नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस



अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

## कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफ़र और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नज़र आती हैं।*

**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, 'हां, हम शादीशुदा थे।' उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां को फ़ोन करके कहा था कि 'उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं'। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई



नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, 'यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।' आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आक्रुति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।

# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट

**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।



खबर संक्षेप



## लूटपाट करने वाले अपचारी बालक समेत 3 गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना खरसिया में ग्राम कुकरीचोली में रहने वाले रोहित राठिया उम्र 34 वर्ष द्वारा नवरंगपुर चौक ग्राम गुरदा में चार लड़कों द्वारा मोबाइल और 6000 रूपए की लूटपाट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 15 जुलाई को अपने चचेरा भाई भोला राम राठिया के साथ मोटर सायकल से धान बीज व आधार कार्ड लेने मदनपुर खरसिया जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे नवरंगपुर चौक के पास एक स्कूटी व एक मोटर सायकल डिलक्स में 3-4 व्यक्ति खड़े थे। वे लड़के मोटर सायकल के पास आए और भोला राम राठिया को मारपीट कर उसके मोबाईल रेडमी ब55 को लुट लिये जिसके बाद एक लड़का धारदार हथियार निकाल कर इसका मोबाईल को लूटने लगा और डरा धमका कर हाथ से रेडमी सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल और पाकेट में रखे 6000 रूपए को लूट कर मोटर सायकल स्कूटी से भाग गए। थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों पर धारा 309(6) 3,5 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया।

## कापू में नर कंकाल मिलने से सनसनी



**रामगढ़।** धरमजयगढ विखं अंतर्गत कापू थाना क्षेत्र मे कंकाल मिलने कि खबर से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। जानकारी अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम कुमरता के ग्रामीणों के बताये अनुसार जंगल मे कँकाल मिलने कि सुचना ग्रामीणों ने थाना कापू को दी। सूचना पर कापू पुलिस मौके पर पहुंच कर अज्ञात कँकाल कि शिनाख्तती सहित जांच कार्यवाही मे जुट गई है। मानव कँकाल कुमरता के कुण्डी झरिया नाला के पास मिली है कंकाल किसी पुरुष होने कि शंका जताई जा रही है।

## अतिथि व्याख्याता हेतु मंगाए गए आवेदन

**जशपुरनगर।** शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में समाजशास्त्र, अंग्रेजी और रसायनशास्त्र सहायक प्राध्यापक के एक-एक रिक्त पदो के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमांत्रित किये गए है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र और आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन 26 जुलाई सायं 5 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट में अपलोड किया गया है। जिसका अवलोकन किया जा सकता हैं।


### आम सूचना

समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है की देवेश कुरल, पिता-मुरलीधर कुरल, निवासी- ग्राम राजपुर तेह-लैलूंगा, जिला रायगढ़ जो की हमारी एजेंसी AS ASSOCIATES में लैलूंगा पत्थलगांव क्षेत्र में बजाज गाड़ी का किस्त का कलेक्शन का कार्य करता था. अभी कलेक्शन का कार्य नहीं कर रहा है, अत: देवेश कुरल को कोई भी क़िस्त का भुगतान न करे, अन्यथा एजेंसी की या कंपनी की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

नाम
AS ASSOCIATES
नंबर: +917713511858


### 21 टन सरिया, कार, टैक्टर, 2 बाइक व 3 मोबाइल जब्त

# 25 टन सरिया की लूटपाट मामले में 3 गिरफ्तार



प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते एसपी दिव्यांग पटेल।



पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते जून माह में धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में ट्रक चालक को डरा धमका कर 25 टन सरिया लूटने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस व साइबर सेल की टीम को सफलता मिली है।

संयुक्त टीम ने सरिया की खरीदी करने वाले हार्डवेयर दुकान संचालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 21 टन सरिया, 2 मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल, कार, 5 हजार रूपए नगद व ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। वहीं इस मामले के फरार आरोपियों की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। इस संबंध में प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि 23 जून 2024 को ग्राम सराईपाली गेरवानी स्थित श्री रूपानाधाम स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पूंजीपथरा के एचआर डिपार्टमेंट के अभिषेक उपाध्याय उम्र 21 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 22 जून 2024 को स्टील प्लांट से ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 1490 में चालक मुजाहिद खान 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम मारूती टीएमटी सरिया कुल वजन 25 टन 50 किलो लोड कर रामानुजनगर सूरजपुर के लिए रवाना हुआ था। अंतिम बार चालक ने धरमजयगढ सिसरिंगा घाटी पहुंचने की बात कही थी, जिसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। उक्त ट्रक में लोड सरिया के लूट की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया।

### इस तरह लूटा ट्रक

थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा ट्रक चालक के मुजाहिद खान और खलासी से पूछताछ कर बयान लिया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि 22 जून को धरमजयगढ़ सिसरिंगा घाट के चार किलोमीटर पहले चार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपनी कार को ट्रक के आगे अडा कर ट्रक से चालक को उतारा और मारपीट करते हुए उसके मोबाईल को छीन कर फेंक दिया।

### इस तरह बनाई योजना

आरोपी रूपेश यादव पिता खीरोधर यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम मकरीबंधा थाना तपकरा ने बताया कि उसने अपने दोस्त लोकेश यादव, दीपू यादव, राजू यादव के साथ मिलकर 22 जून को घरघोडा के साहू होटल में बैठकर चारों ने इस मार्ग से गुजरने वाले सरिया लोड ट्रक को लूटने की योजना बनाई। इसी योजना के तहत वे 22 जून को इसी फिराक में थे, कि इसी बीच आरोपियों ने उक्त ट्रक को लूटा।

### ऐसे पकड़ में आया आरोपी

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसपी श्री पटेल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामगोपाल करियरे के निर्देशन में साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में डीएसपी सिद्धांत तिवारी, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ कमला पुसाम और साइबर सेल की टीम बनाकर जांच शुरू की गई। इसी बीच थाना प्रभारी धरमजयगढ़ ने पूर्व में घटित अपराधों और इस लूटपाट के आरोपियों के तरीका व वारदात का विश्लेषण करते समय संदेही लोकेश यादव के इस प्रकार लूटपाट में शामिल होने की जानकारी मिली। जिसकी पुष्टि मुखबीरों से हुई। घटना के समय आरोपी लोकेश यादव उसके साथी आरोपी रूपेश यादव के साथ होने की बात सामने आई। इस बड़ी लीड पर आगे बढ़ते हुए डीएसपी अभिनव उपाध्याय व संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिये ओड़िसा के सुन्दरगढ और झारखंड के सिमडेगा में दबिश दी गई और आरोपी रूपेश यादव निवासी लस्सीअम्बा थाना तपकरा जशपुर को पकड़ा गया।



अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

## 22 से 27 जुलाई तक होगा डेंगू नियंत्रण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेंगू नियंत्रण और उसे जड़ से खत्म करने के लिए 22 से 27 जुलाई तक विशेष अभियान नगर निगम, जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला स्कूल शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जाएंगे। इसके लिए कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सभी विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

■ अभियान को फाइट अगेंस्ट डेंगू हैसटैग का दिया गया नाम

बैठक में निजी एवं शासकीय सभी स्कूल के विद्यार्थियों को मच्छर एवं जल जनित रोगों के लक्षण एवं बचाव की जानकारी देने के साथ जन जागरूकता लाने की बात कही गई। इस दौरान डेंगू, मलेरिया डायरिया एवं पीलिया के लक्षण बचाव के बातों को शामिल करते हुए पांपलेट का वितरण करने स्कूलों के प्रार्थना सभा में इसकी प्रतिदिन जानकारी देने के निर्देश कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने दी। अभियान के दौरान स्कूलों में एक विशेष दिन स्कूल परिसर की साफ सफाई करने एस्कूलों में कहीं पर भी साफ पानी जमा न हो ऐसे छत, डिस्पोजल, टायर, सीमेंटेड गड्ढे या अन्य पात्र जहां पर साफ पानी जमा हो उसकी सफाई करने की बात कही गई। इसी तरह एक दिन रैली निकालकर संबंधित वार्ड में भ्रमण कर लोगों में जन जागरूकता लाने के सुझाव दिए गए। इसी तरह स्कूलों में डेंगू, मलेरिया डायरिया एवं पीलिया संबंधित स्लोगन, चित्रकार स्पर्धा आयोजन करने के निर्देश दिए गए।

## ईएसआईसी अस्पताल बना रेफरल सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कर्मचारियों और संसाधन के अभाव में नहीं मिल पा रहा



परसदा स्थित 100 बेड के ईएसआईसी हॉस्पिटल में एक बिस्तर तक उपलब्ध नहीं है। जिससे यहां आईपीडी सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। यहां न तो मरीजों को भर्ती लिया जा रहा है और न ही यहां दवाई का स्टाक है। जिससे यहां आने वाले मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है।

कर्मचारी व मजदूर वर्ग के लोगों को ईएसआईसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पहले यहां सिर्फ कुछ डिस्पेंसरी ही थीं, जहां सामान्य चेकअप ही हो पाता था। ऐसे वर्ग के लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए परसदा में केन्द्र सरकार ने 74 करोड़ रुपए की लागत से जिले का पहला 100 बेड वाला सर्वसुविधायुक्त ईएसआईसी हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। अस्पताल का निर्माण होने में ही सालों लग गए। अभी भी बिल्डिंग में सिविल, इलेक्ट्रिकल, फर्नीचर, ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन जैसे अहम काम बाकी हैं। शासन के दबाव पर आधी अधूरी तैयारी के साथ अस्पताल का संचालन शुरू तो कर दिया गया है।

### मरीजों को आर्थिक नुकसान भी

दरअसल ईएसआईसी हॉस्पिटल रायगढ़ से करीब 15 किमी दूर परसदा में स्थित है। इस रूट में न तो सिटी बस चलती है और न ही यात्री बसों का आना जाना होता है। ऐसे में चेकअप कराने के लिए मरीजों को ऑटो या टैक्सी किराए पर लेना पड़ता है। इसके लिए उन्हें 800 से 1000 रुपए वाहन भाड़ा देना पड़ता है। इतना खर्च करने के बाद जब मरीज अस्पताल पहुंचते हैं ते उन्हें परामर्श देकर वापस भेज दिया जाता है या दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में मरीज यहां से हताश होकर लौटते हैं। जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से परेशान होना पड़ता है।

## सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की बची जान

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री की पहल से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नवयुवक अजय राम की जान बच गई। अजय की जान बचाने के लिए चिकित्सकों को उसका एक हाथ काट कर अलग करना पड़ा। रायपुर में उपचार के बाद स्वस्थ्य हो कर अजय अपने घर वापस आ गए हैं। अजय राम ने सीएम का आभार व्यक्त करने बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने बताया कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बंदरचुवां गांव के रहवासी हैं। इसी साल मार्च महिनें में एक सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया था। लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उनके स्वजनों ने उपचार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सहायता मांगी थी। सीएम कैंप कार्यालय ने अजय राम के भविष्य की राह आसान करने के लिए कृत्रिम हाथ और दिव्यांग प्रमाण पत्र की व्यवस्था करने का भरोसा दिया है।

नपं के कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन, सीएमओ को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

## कुर्सी छिनते ही पूर्व नगर सरकार को याद आई नगर की बदहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश सरकार बदलने के बाद कांग्रेस से किरोड़ीमल नगर नपं की गद्दी भी भाजपा ने छीन ली है। इसके साथ ही सत्ता होते ही पूर्व नगर सरकार को किरोडीमल नगर में चारो ओर बहाली दिखने लगी है। सोमवार को नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था और रुके विकास समेत 11 विषयों को मुद्दा बनाकर किरोडीमल नगर कांग्रेस के नेताओं ने नगर पंचायत के कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया तथा सीएमओ रामायण पांडेय को ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि किसी से किरोडीमल नगर की मूलभूत समस्याएँ जैसे पानी, बिजली, सफाई ए सडक इत्यादि गहरी होती जा रही हैं और नगर सरकार बेपरवाह बनी बैठी है। पूर्व में स्वीकृत कार्य भी नही हो पा रहे हैं जो विडंबना का विषय है। नगर पंचायत में जब से भाजपा का अनैतिक और खरीद फरोख्त वाली सरकार आई है तबसे नगर विकास का चौपट हो गया है यहां तक की लोगों को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है। नगर कांग्रेस द्वारा अल्टीमेटम देने के बाद भी उक्त विषयों में से किसी पर भी आज तक कार्य नही करने पर कांग्रेस के पास धरना, पंचायत घेराव एवम विरोध प्रदर्शन ही विकल्प बचा जिस पर आज नगर कांग्रेस ने आम नागरिकों और दर्जनों महिलाओं सहित पूरा नगर कांग्रेस एकजुट होकर रैली विरोध करते हुए पंचायत घेराव कर पुनः जनहित मुद्दों पर 11 बिंदुओं पर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।

## शाकंभरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शाकंभरी बोर्ड पूर्व अध्यक्ष के वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए पहले तो स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के झूलन चौक की है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 15 जुलाई की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शाकंभरी बोर्ड के पुर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल अपने वाहन से वापस घर जा रहे थे। तभी उनकी कार बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। तीनों युवक को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटे आई हैं। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के झूलन चौक की है। बताया जा रहा है कि झिलमिली निवासी तीनों युवक पामगढ़ की ओर आ रहे थे तभी पूर्व अध्यक्ष के वाहन से बाइक सवार तीनो युवक को ठोकर लग गया। रामकुमार पटेल अपने गांव के परिवार के लोगो के साथ थे कार में सवार थे। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया और तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पामगढ़ लाया गया, उसके बाद उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया।



दुर्घटनाग्रस्त कार।

## शादी समारोह से गिफ्ट और नकदी की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के अंस होटल में विद्युत विभाग के लेखाधिकारी के भाई की शादी चल रही थी, इस दौरान किसी के द्वारा कुर्सी पर रखे पर्स को पार कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि पर्स में आये हुए मेहमानों द्वारा उपहार में दिए गए लिफाफे जिनमें लगभग 50 हजार रूपए नगद व तकरीबन तीस हजार रूपए कीमत के सोने के जेवरात थे। इस प्रकार कुल 80 हजार रूपए की चोरी होना बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर होटल में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगालते हुए उसकी पतासाजी की जा रही है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के विनोबा नगर निवासी अखिल मिश्रा जो कि विद्युत विभाग में लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत है। रविवार को उसके भाई घरघोड़ा निवासी आदित्य मिश्रा की शादी थी तथा वैवाहिक कार्यक्रम रायगढ़ के होटल अंस में चल रहे थे। बारात आने के बाद रिसेप्शन का कार्यक्रम चल रहा था। वहीं मेहमानों द्वारा उपहार में नगद राशि लिफाफे में डाल कर दी जा रही थी जिसे उन्होंने एक पर्स में रखा था। पर्स को वे स्टेज के पास ही एक कुर्सी पर रख कर मेहमाननवाजी कर रहे थेए इसी दौरान भीड़ भाड़ का फायदा उठाते हुए किसी ने कुर्सी पर रखे पर्स को पार कर दिया। बताया जा रहा है कि पर्स में लिफाफे थेए जिनमें तकरीबन 50 हजार रूपए नगद व ढाई ग्राम वजन की सोने की बाली तथा अन्य जेवरात थे जिनकी कीमत लगभग 30 हजार रूपए बताई जा रही है। इस प्रकार पर्स से कुल 80 हजार रूपए की चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## निष्प्रयोजित वाहनों की नीलामी 26 को

**रायगढ़।** नगर सेना रायगढ़ के निष्प्रयोजित वाहनों की नीलामी 26 जुलाई को शाम 4 बजे जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी कार्यालय में की जाएगी। इस नीलामी में वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 3517 एवं वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 3518 की नीलामी हेतु सील बंद लिफाफे स्पीड पोस्ट के माध्यम से 26 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित किए गए है जो उसी दिन 4 बजे खोले जाएंगे। प्रस्तुत दर के साथ एक हजार रुपए का ईएमडी जिला सेनानी नगर सेना रायगढ़ पक्ष देय होगा। दर हेतु प्रपत्र 25 जुलाई को शाम 5 बजे तक 100 रुपए जमा कर प्राप्त किए जा सकते है। इच्छुक खरीददार नीलामी के पहले कार्यलयीन दिवस में वाहनों का निरीक्षण कर सकते है।

## जर्जर सड़कें बन रही हादसों की वजह, निगम उदासीन

**रायगढ़।** शहर की जर्जर सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं देने कारण अब यह सड़कें दुर्घटना की वजह बन रही हैं। मंगलवार की कलेक्टोरेट मार्ग पर सड़क पर बने गड़ढे में बाइक सवार गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोंट आई। मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

■ गढ़डे में गिरी बाइक, अधेड़ गंभीर रूप से घायल

ज्ञात हो कि शहर की सड़कों की मरम्मत के नाम पर लाखों करोड़ों रूपए निगम द्वारा बजट में पारित किया जाता है। किंतु इस राशि का सही ढ़ंग से उपयोग नहीं होता। जिसकी वजह से शहर की तमाम सड़कें जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। इन जर्जर सड़कों में अक्सर बाइक सवार घायल हो रहे हैं। स्थिति यह है कि वर्तमान में बारिश होने के कारण इन गढ़्डों में पानी भर जाता है, जिसकी वजह से इन गहराई का पता नहीं चलता। ऐसे में बाइक का पहिया इसमें घंस जाता है और बाइक सवार गिर जाते हैं। ऐसा ही एक हादसा मंगलवार की शाम को आयुर्वेदिक अस्पताल के पास हुआ, जिसमें कलेक्टोरेट की ओर से आ रहा एक बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति इस गढ़्डे की चपेट में आ गया और उसके सिर में गंभीर रूप से चोंट आई।

## संकीर्तन मंडली बाघाडोला के राशि हड़पने का मामला पहुंचा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम बाघाडोला में यहां के चौहान समाज द्वारा सामाजिक और धार्मिक एकता बनाये रखने के लिए शारदा युवा संकीर्तन मण्डली का गठन किया जाकर उसके पदाधिकारी भी मनोनित किए और उक्त कीर्तन मण्डली छग सहित अन्य प्रदेशों में भी अपनी गेय कला के बदौलत भक्तिमय वातावरण देने में समर्थ रहा जिसके कारण संबंधित क्षेत्र के श्रद्धालुओं से लगातार अंशदान आते गए जिससे 30 हजार रुपए का साउंड सिस्टम खरीदा गया और 40 हजार रुपए नगद हुए जिसे समिति के पदाधिकारी रोहित, गौरांग और धनेश चौहान के पास जमा करवाए। उक्त राशि को नामयज्ञ के लिए मांगा गया जिसे इन्हौंने मना किया और बात यहां तक पहुंची कि पैसा वापस नहीं देंगे जो करना हो कर लो कहा साथ ही गाली गुप्तार के साथ विवाद भी हुआ जिसमें इनके परिजन भी शामिल रहे। चूंकि इस राशि में जहां सब का श्रम और आस्था जुडा हुआ है ऐसे स्थिति में समूचा कीर्तन मंडली न्याय मांगने थाना पुसौर पहुंची जिस पर टीआई बनजारे ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पेज 1 का शेष

#### अपहरण व दुष्कर्म ...

आयुष गुप्ता को थाना लाया गया, पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त घटना को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी आयुष गुप्ता उम्र 21 साल निवासी कन्दईबहार थाना फरसाबहार के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 16 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। दूसरे प्रकरण में थाना नारायणपुर क्षेत्र का एक 40 वर्षीय पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की 6 जुलाई को घर से बाजार जा रही हूं कहकर घर से निकली जो वापस नहीं आई। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा उक्त नाबालिग बालिका को 15 जुलाई को आरोपी चंद्रशेखर राम के कब्जे से बरामद किया गया। पूछताछ में नाबालिग बालिका ने बताया कि वह 6 जुलाई को साहीडांड़ के बाजार में घूम रही थी उसी दौरान उसे ग्राम तमिया थाना सन्ना का चंद्रशेखर राम मिला,जो उसे बहला-फुसलाकर अपने एक रिश्तेदार के घर ले गया एवं वहां 14 जुलाई तक अपने पास रखकर दुष्कर्म किया है। आरोपी चंद्रशेखर राम उम्र 22 साल निवासी तमिया थाना सन्ना का कृत्य धारा 137(2) भा.न्या.सं. का पाये जाने से उसे 16 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, हरिहर यादव, प्रदीप भगत, सै. ओमप्रकाश यादव की भूमिका रही है।

#### रामलला दर्शन के...

वही सभी तीर्थयात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की अच्छी योजना है। हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। इस दौरान जनपद सीईओ, जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह

## 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**रायगढ़।** जिले में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 45 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह में रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण तथा पुसौर विकासखण्ड के जोड़े सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार द्वारा पारंपरिक रीति से विधिवत विवाह कराया गया। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं श्रीमती शोभा शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिससे गरीब कन्याओं की विवाह में सहायता मिलती है तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा रूकती है। श्रीमती शोभा शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लाभान्वित जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए आने वाले समय में अधिक से अधिक जोड़ो को लाभ देने कहा गया। विवाह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने प्रत्येक जोड़े को टिकावन दिया। इसी तरह शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उपहार के रूप में बैग, श्रृंगार सामाग्री, कपड़े इत्यादि वर.वधु को दिया गया।


टॉप इन जशपुर

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146